आपके परिवार को ऑनलाइन सुरक्षित रहने में सहायता देना

बच्चे ऑनलाइन सीख सकते हैं, खोजबीन कर सकते हैं, खेल सकते हैं और दोस्त बना सकते हैं। परन्तु इसमें जोखिम हो सकते हैं।

हो सकता है कि आपकी संतान गलती से ऐसी सामग्री देख ले जिससे उसे परेशानी हो, उससे अजनबियों द्वारा संपर्क किया जाए या उसे डराए-धमकाए जाने का अनुभव हो। वे महत्वपूर्ण कार्यों से भी चूक सकते हैं, जैसे बाहर समय बिताना।

बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने में सहायता देने के लिए यहाँ कुछ आसान कार्य बताए गए हैं, जो आप कर सकते/ती हैं।

एक परिवार के तौर पर

ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में बात करें

अपनी संतान को बताएँ कि यदि ऑनलाइन कुछ भी ऐसा होता है जिससे वे भयभीत या परेशान महसूस करें, तो वे हमेशा आपको बता सकते हैं।

आप अपनी संतान को आपको वे गेम्स और एप्स दिखाने के लिए कह सकते/ती हैं, जिनका वे प्रयोग करते हैं। शुरुआत करने में अपनी सहायता के लिए eSafety के **चर्चा आरंभ विषयों** का प्रयोग करें।

मिलकर पारिवारिक नियम बनाएँ

एक परिवार के तौर पर, सभी को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए आप कुछ आसान नियम चुन सकते/ती हैं। आप इस प्रकार के नियम चुन सकते/ती हैं, जैसे डिवाइसों का प्रयोग कहाँ किया जा सकता है, आपके बच्चे कौन से गेम्स और एप्स का प्रयोग कर सकते हैं, और ऑनलाइन कितना समय व्यतीत किया जा सकता है। अधिकांश डिवाइसों और एप्स में उनके प्रयोग के तरीके सीमित करने से जुड़ी विशेषताएँ होती हैं। पेरेन्टल कंट्रोल्स और सेटिंग्स के बारे में और अधिक सीखने के लिए **यह वीडियो** देखें।

इस बात से अवगत रहें कि सहायता कहाँ से लेनी है

यदि आपको किसी ऑनलाइन मुद्दे के साथ सहायता की ज़रूरत है और आपको पक्का पता नहीं है कि क्या करना है, तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति के साथ इसके बारे में बात करें, जैसे कोई दोस्त या आपकी संतान के स्कूल के टीचर। आप परवरिश संबंधी चुनौतियों के साथ सहायता के लिए **Parentline** पर किसी से बात भी कर सकते/ती हैं।

ईसेफ्टी आयुक्त सभी ऑस्ट्रेलियाई परिवारों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने में सहायता करता है। **eSafety वेबसाइट** पर **ऑनलाइन दुर्व्यवहार की सूचना देने** और ऑनलाइन सुरक्षित रहने के बारे में और अधिक जानकारी उपलब्ध है।

अपने परिवार को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर eSafety Parents के लिए सर्च करें।

Australian Government
eSafetyCommissioner
esafety.gov.au